Code No. **2/2/2**
कोड नं.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

हिन्दी (केन्द्रिक)
HINDI (Core)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*
Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7+7

(क) कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो ।
श्रीरघुनाथ-कृपालु-कृपा तें संत-सुभाव गहौंगो ।।
जथालाभ संतोष सदा, काहू सों कछु न चहौंगो ।
परहित-निरत निरंतर, मन क्रम बचन नेम निबहौंगो ।।
तरुष वचन अति दुसह स्रवन सुनि तेहि पावक न दहौंगो ।
विगतमान, सम सीतल मन, पर गुन, नहिं दोष कहौंगो ।।

(ख) हँसा ज़ोर से जब, तब दुनिया
बोली — इसका पेट भरा है ।
और फूट कर रोया जब,
तब बोली — नाटक है, नखरा है ।
जब गुमसुम रह गया, लगाई
तब उसने तोहमत घमण्ड की
कभी नहीं वह समझी इसके
भीतर कितना दर्द भरा है ।

(ग) मैं थी उज्ज्वल स्फूर्ति, पूर्ति
थी प्यारी अभिलाषाओं की
मैं ही तो थी मूर्ति तुम्हारी
बड़ी-बड़ी आशाओं की ।
आओ चलो, कहाँ जाओगे
मुझे अकेली छोड़, सखे !
बँधे हुए हो हृदय-पाश में
नहीं सकोगे तोड़, सखे !

2. नीचे लिखे काव्यांशों में से किन्हीं **दो** का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4+4

(क) सिंही की गोद में छीनता है शिशु कौन ?
मौन भी क्या रहती वह रहते प्राण ?
रे अजान,
एक मेषमाता ही
रहती है निर्निमेष —
दुर्बल वह —
छिनती संतान जब,
जन्म पर अपने अभिशप्त
तप्त आँसू बहाती है ।

(ख) जो तुम तोरौ राम मै नहिं तोरूँ ।
तुम सों तोरि कवन सों जोरूँ ।।
तीरथ बरत न करूँ अँदेसा ।
तुम्हरे चरन कमल क भरोसा ।।

(ग) इस पर भी आदमी
ईर्ष्या, अहं, स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन
संख्यातीत शंख-सी दीवारें उठाता है
अपने को दूजे का स्वामी बताता है
देशों की कौन कहे
एक कमरे में
दो दुनिया रचाता है

3. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए : 4+4

(क) 'आज पहली बार' कविता में हवा ने कवि के सिर को अपनी गोद में रखकर क्यों दुलराया और उसे क्या समझाया ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'जड़ की मुसकान' कविता में पत्तियों और फूलों ने अपनी श्रेष्ठता दर्शाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ? उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) 'सर्व निवासी सदा अलेपा तोहि संग समाई' काव्य पंक्ति का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि गुरु नानक ने इस कथन के समर्थन में क्या-क्या उदाहरण दिए हैं।

4. प्रस्तुत गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6

(क) आदमी की ज़िंदगी आपने-आप में बहुत ही अकेली और नीरस होती है। आदमी-आदमी के रिश्ते नाते उसका बहुत दूर तक साथ नहीं देते। पर जब वह इनसे आगे बढ़कर एक व्यापक सम्बन्ध कायम करने की कोशिश करता है, तो उसके साथ वन, पर्वत, नदी आदि सब चल पड़ते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। आज वह वनस्पतियों और पानी के रिश्ते को भूलकर अपने को भी अकेला बना रहा है और उनके आपसी संबंधों का भी विच्छेद करता जा रहा है।

(ख) देखते-देखते पत्तों की वह जोड़ी उद्ग्रीव हुई। मानो उसमें चैतन्य भर आया। उन्होंने अपने आस-पास और नीचे देखा। जाने उन्हें क्या दिखा कि वे काँपने लगे। उनके तन में लालिमा व्याप गई। कुछ क्षण बाद मानो वे एक चमक से चमक आए। जैसे उन्होंने खण्ड को कुल में देख लिया। देख लिया कि कुल है, खण्ड कहाँ है।

(ग) मिलर बोले, ''सोचते होंगे मुझ जैसे को तो बंदर का चित्र बनवाना चाहिए। हम लोग कहते तो हैं कि बंदर से आदमी बने, लेकिन आदमी बनकर अब हम प्रगति के साथ देवता बनने के स्थान पर पुनः बंदर ही बन रहे हैं, संपन्न बंदर, शक्तिशाली बंदर। शस्त्रों की रेस में अधिक संपन्न, दुनिया को खत्म करने की जिसमें अधिक ताकत वह अधिक प्रगत।''

5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए : 4+4

(क) 'एक है जीवंत दृढ़ता और दूसरा निर्जीव जड़ता।' इस कथन में लेखक ने किनकी ओर संकेत किया है और क्यों ? 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ !' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'मेरे लिए भारतीय होने का अर्थ' पाठ में लेखक ने देशप्रेम को एक घटना क्यों माना है ? यह घटना हर पीढ़ी में नए सिरे से कैसे घटित होती है ?

(ग) 'नीलू' संस्मरण के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि नीलू ने 'कूत्ते की मौत मरना', मुहावरे को किस प्रकार झुठला दिया ।

6. रामधारी सिंह 'दिनकर' **अथवा** निर्मल वर्मा के जीवन, रचनाओं और भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 6

7. 'विविधा : भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में दीजिए : 3+3+3

(क) 'माँ जानती है' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि अरुमुगम की मृत्यु पर माँ को यह क्यों समझ नहीं आ रहा था कि वह रोए या प्रसन्न हो।

(ख) भगिनी निवेदिता के जन्म से पूर्व उनकी माँ ने ईश्वर से क्या प्रार्थना की थी ? वह प्रार्थना किस रूप में पूरी हुई ?

(ग) पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर के गायन की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में दीजिए : 2+2

(क) ''किसका मज़ार है यह ?'' उसने बड़ी श्रद्धा के साथ उत्तर दिया, — ''हमारे पीर का। वो बौत बड़ा बली था।'' रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास में यह वार्तालाप किन पात्रों के मध्य, किस समय हुआ है ? इसका अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''रानी उनमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष है'' जनरल रोज़ के इस कथन के अभिप्राय को समझाइए।

9. सुन्दर **अथवा** मोतीबाई की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

10. (क) किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 1

अनाथाश्रम, उल्लंघन, प्रत्येक ।

(ख) किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए : 1

सूर्य + उदय, दुः + शासन, सत् + गति ।

(ग) किन्हीं **दो** पदों का समास-विग्रह कर समास का नाम भी बताइए : 2

अकालपीड़ित, रात-दिन, नीलगगन ।

11. (क) नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **दो** के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(i) आशा है आप सकुशलतापूर्वक होंगे ?

(ii) शास्त्रीजी अच्छे व्याकरण के जानकार हैं ।

(iii) एक गेंदे की माला लेते आइए।

(ख) नीचे लिखे वाक्य में यथास्थान सही विराम-चिह्न लगाइए : 2

भोलू बोला हे प्रभु मैंने बल माँगा था यह बला क्यों दे दी

12. प्रस्तुत अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

संन्यास की संस्था समाज-विरोधी संस्था है। हँसी-हँसी में एक बार स्वामी विवेकानन्द ने भी कहा था कि संन्यास का एक बहुत बड़ा दोष यह है कि वह अच्छे लोगों को समाज से अलग कर देता है। किन्तु विवेकानन्द फिर भी आधुनिक निकले, क्योंकि अपने संन्यासियों को उन्होंने समाजसेवी बना दिया। उनके संन्यासी एक दरवाजे से समाज से निकल जाते हैं, किन्तु दूसरे दरवाजे से वे संसार में ही वापिस आ जाते हैं। अपनी गृहस्थी छोड़कर वे सबकी गृहस्थी में सहायता करते हैं। किन्तु बुद्ध की दृष्टि ऐहिक थी ही नहीं। उनका कहना था जीवन जलता हुआ मकान है। मनुष्य को इस आग से भाग निकलना चाहिए। जीवन दुःखपूर्ण है। सारे दुःखों की जड़ मनुष्य का जन्म है। मनुष्य को वह रास्ता पकड़ना चाहिए, जिससे जन्म लेना ही असम्भव हो जाए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) संन्यास को समाज विरोधी संस्था क्यों कहा गया ? 1

(ग) विवेकानन्द को आधुनिक कैसे कहा जा सकता है ? 1

(घ) जीवन के विषय में बुद्ध की दृष्टि क्या थी ? 1

13. अपने नगर के महापौर के नाम पत्र लिखकर नगर में अनियमित एवं अपर्याप्त जल-वितरण से होने वाली असुविधाओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए। 5

अथवा

गाँवों से शहरों की ओर युवा पीढ़ी के पलायन की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए संपादक, राजस्थान पत्रिका, जयपुर को पत्र लिखिए। 5

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) अनेकता में एकता : भारत की विशेषता

(ख) बढ़ती जनसंख्या : समस्या और समाधान

(ग) पर्यावरण संरक्षण

(घ) पढ़ा-लिखा युवा वर्ग और बेकारी

(ङ) राजनीति और भ्रष्टाचार